आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.04.2026 / 11:00बजे

प्रादेशिक समाचार सुनिए

महिला आरक्षण विधेयक

लोकसभा में कल संविधान संशोधन विधेयक, 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 पर शुरू हुई चर्चा आज भी जारी रहेगी। इन तीनों विधेयकों का उद्देश्य लोकसभा और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित संविधान अधिनियम, 2023 के तहत लोकसभा और विधानसभाओं में लगभग एक तिहाई सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। इस विधेयक का उद्देश्य लोकसभा की सीटों की संख्या 543 से बढ़ाकर 850 करना है। 850 सीटों में से 815 सदस्य राज्यों से और 35 सदस्य केंद्र शासित प्रदेशों से चुने जाएंगे।

राज्यसभा उपसभापति

राज्यसभा में आज उप–सभापति के लिए चुनाव होगा। केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा नामांकित सदस्य हरिवंश को राज्यसभा के उप सभापति के रूप में चुने जाने का प्रस्ताव करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सांसद एस. फैंगनॉन कोन्यक प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आज शिमला में होगी। पंचायत और नगर निकाय चुनावों से पहले हो रही इस बैठक को राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंत्रिमंडल में आम जनता को लाभ पहुंचाने से जुड़े फैसले लिए जा सकते हैं, क्योंकि 20 अप्रैल के बाद राज्य में कभी भी चुनाव आचार संहिता लग सकती है। बैठक में शिमला से तारादेवी तक प्रस्तावित लगभग 14 किलोमीटर लंबे रोपवे प्रोजेक्ट को लेकर संभावित चर्चा और बजट भाषण में की गई घोषणाओं सहित विभिन्न विभागों में भर्तियों को मंजूरी मिल सकती है। वहीं बैठक में विद्यार्थियों की कम संख्या वाले स्कूल व कॉलेजों को नजदीकी स्कूलों व कॉलेजों में मर्ज करने के प्रस्ताव पर फैसला हो सकता है।

पंचायत चुनाव

पंचायत चुनावों को लेकर जिला चम्बा में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। जिला निर्वाचन विभाग द्वारा आरक्षण रोस्टर जारी करने के पश्चात चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों में होड़ लग गई है। हालांकि अभी तक चुनावों का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है लेकिन उम्मीदवारों का आंकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।

अधिसूचना

राज्य चयन आयोग ने अलग–अलग विषयों के अध्यापकों के 894 पदों को भरने के लिए अधिसूचना जारी की दी है। यह नियुक्तियां सीबीएसई स्कूलों में की जाएंगी। अभ्यर्थी 22 अप्रैल से 14 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

अर्ली वार्निंग सिस्टम

हिमाचल प्रदेश में पहली बार ग्लेशियर लेक अर्ली वार्निंग सिस्टम का प्रशिक्षण किया जा रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एन डी एम ए और केंद्रीय एजेंसियों की पहल पर सी–डेक्ट द्वारा यह सिस्टम तैयार किया गया है जिसके तहत झील में विशेष सेंसर लगाए गए हैं, जो पानी के स्तर, तापमान और अन्य महत्वपूर्ण बदलावों की लगातार निगरानी करेंगे। एन डी एम ए के सचिव मनीष भारद्वाज ने कहा कि प्रारंभिक प्रशिक्षण के सफल होने के बाद इस तकनीक को देश के अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में भी लागू किया जाएगा।

मौसम

जनजातीय जिलों सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में 19 अप्रैल तक मौसम खराब रहने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक शोभित कटियार ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते आज कुल्लू, कांगड़ा, मंडी और चंबा जिलों में ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा ऊंचाई वाले और मध्य पर्वतीय जिलों में बारिश, ओलावृष्टि, बर्फबारी, तेज हवाएं और बिजली गिरने की भी संभावना है।